EDII

Rajasthan Patrika

July 15, 2021
Page No.3

महामारी का दौर: 20 से 30% बुरी तरह प्रभावित

कोरोना लील गया 31% स्टार्टअप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. कोविड के चलते कई स्टार्ट अप प्रभावित हुए। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश भर में पंजीकृत 57 हजार स्टार्टअप में से 31 फीसदी बंद हो गए। फिक्की की ओर से आयोजित 'उद्यमिता- कोविड के बाद-रोजगार उत्पादन और सामाजिक-आर्थिक विकास' विषय पर आयोजित सेमिनार में फिक्की के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य व फिक्की गुजरात राज्य परिषद के को चेयर सुनील पारेख ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि देश में अन्य 20 से 30 फीसदी स्टार्टअप बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हालांकि अब थोड़े हालात सुधरे हैं। इस अवसर पर भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने बताया कि भारत के पास 6.3 करोड़ एमएसएमई हैं। एमएसएमई देश के कुल उत्पादन में 45 फीसदी योगदान करता है। देश का 33.4 फीसदी मेन्यूफैक्चरिंग हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। यह सेक्टर देश में 12 करोड़ लोगों को रोजगार देता है। कोविड के कारण बिजनेस के बंद होने की संख्या बिजनेस के शुरु करने से ज्यादा है। शिक्षा के साथ एमएसएमई सेक्टर और पर्यटन, हॉस्पिटलिटी सेक्टर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि बैंकिंग, ऑर्गेनिक, हाइड्रोपोनिक्स, डेयरी, मत्स्योद्योग आदि क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं।

ब्लैक स्वान इफेक्ट साबित हुआ

राज्य के उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त जे डी परमार ने कहा कि कोविड वैश्विक अर्थव्यवस्था और भारत के अधिकांश सेक्टरों के लिए ब्लैक स्वान इफेक्ट सिद्ध हुआ है। इस महामारी ने इंडस्ट्री के सप्लाई चेन और कैश फ्लो को काफी प्रभावित किया है। इसी को ध्यान में रखते हुए गुजरात ने नई औद्योगिक नीति 2020 घोषित की।